दैनिक जागरण

www.jagran.com

मोदी कल जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 16 000 करोड़ की 13वीं किस्त 10

उत्तर प्रदेश में माफिया को मिट्टी में मिला देंगे - योगी 9

2 दैनिक जागरण 26 फरवरी 2023 रानीगंज आसपास जागरण www.jagran.com

प्रदर्शनी में डीपीएस के छात्रों ने दिखाई अपनी कल्पनाशीलता

डीपीएस में प्रदर्शनी का उद्घाटन करते प्रधानाचार्य आरडी शर्मा • जागरण

जागरण संवाददाता, आसनसोल : छात्रों को उनकी प्रतिभा से पहचान कराने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में शनिवार को विज्ञान, सामाजिक विषय, कंप्यूटर, गणित व कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। सामाजिक विषय के अंतर्गत क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम, अर्थक्विक अलार्म, सांची स्तूप, न्यू पार्लियामेंट, रोमन एंपायर, वाटर साइकिल, सिटी आफ रोम, फिजिकल मैप आफ इंडिया, वर्ल्ड मैप, टाइप्स आफ फारेस्ट, द हिमालय, टाइप्स आफ पोल्यूशन आदि को अत्यंत आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कंप्यूटर विषय में स्नेक गेम पायथन, आटो मेटिक स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट डस्टबिन, वेब पेज डिजाइन आफ डीपीएस तथा गणित में मैजिक कलेंडर, जनरल थ्योरी आफ रिलेटिविटी, रामानुजन मैजिक स्क्वायर तथा नान इक्लुडियन ज्यामेट्री जैसे विषयों को प्रदर्शित कर छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया।

विज्ञान माडल्स में हायड्रोलिक रिजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम, स्मोक प्रोड्यूसर मशीन, मिनी इंवर्टर, विंड मिल जेनरेटर, आइ स्ट्रक्चर, वर्किंग पीरियोडिक टेबल, वर्किंग रोबोट, होलोग्राम, सिक्यूरिटी अलार्म, कंवेयर बेल्ट, नेचुरल वेजिटेशन एंड वाइल्ड लाइफ, इलेक्ट्रिक बेल आदि माडल्स को न केवल बनाया गया बल्कि उनकी विस्तृत जानकारी भी दी। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा नवम के छात्र देवदीप संघाई द्वारा निर्मित वर्किंग पीरियोडिक टेबल का माडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि बच्चों की कल्पनाशीलता देखने लायक है। विद्यार्थियों का यह प्रयास न सिर्फ सराहनीय है बल्कि समाज को संदेश देने वाला भी है।